**<u>प्रेस नोट</u>**

**<u>साइबर थाना जनपद झाँसी</u>**

**<u>दिनाँक- 26.08.2026</u>**

- **जनपद झाँसी पुलिस द्वारा साइबर सम्बन्धी बढ़ते अपराधों की रोकथाम एवं बचाव हेतु की जा रही प्रभावी कार्यवाही।**
- **थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति को साइबर फ्रॉड का शिकार होने से बचाया गया,**

कृपया अवगत कराना है कि साइबर सम्बन्धी बढ़ते अपराधों की रोकथाम एवं बचाव हेतु अपर पुलिस महानिदेशक, साइबर क्राइम, उ0प्र0, लखनऊ श्री विनोद के. सिंह के निर्देशानुसार एवं पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के कुशल मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी श्री विकास कुमार के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक साइबर क्राइम, जनपद झाँसी श्रीमती अरीबा नोमान एवं क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम, झाँसी श्रीमती असमा वकार के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम एवं बचाव हेतु आमजन, बच्चों एवं महिलाओं को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ साइबर ठगी के मामलों में अभियोग पंजीकृत कर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में साइबर क्राइम थाना, जनपद झाँसी द्वारा दिनाँक 26.08.2026 को साइबर सेल में आए **आवेदक पंकज खरे** के मोबाइल को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा लिंक भेज कर हैक कर लिया गया तथा आवेदक के व्हाट्सअप से आवेदक के सभी जानने वालों को लिंक व मैसेज शेयर किये जा रहे थे। जिस पर साइबर सेल टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए आवेदक के मोबाइल में एक ए.पी.के. फाइल मिली जिसको तत्काल हटाया गया तथा सभी महत्वपूर्ण एप के पासवर्ड बदलवाने के साथ-साथ बैंक खाता चेक कराया गया।

थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा आवेदक के साथ होने वाली सम्भावित साइबर वित्तीय धोखाधड़ी से बचाया गया जिस पर आवेदक पंकज खरे द्वारा झाँसी पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद पत्र दिया गया।

**<u>कार्य करने वाली पुलिस टीमः-</u>**

1. प्र0नि0 श्री सत्येन्द्र सिंह यादव – प्रभारी साइबर थाना, जनपद झाँसी
2. उ.नि. मो0 आरिफ प्रभारी साइबर सेल झाँसी
3. उ0नि0 श्री संदीप तोमर – साइबर क्राइम थाना, जनपद झाँसी

## **<u>साइबर अपराध होने पर तुरन्त 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें</u> **